हिंदी विश्वविद्यालय में महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. आंबेडकर को किया अभिवादन

डॉ. आंबेडकर के जीवन दर्शन से प्रेरणा ले छात्र – प्रो. मनोज कुमार

वर्धा दि. 6 दिसंबर 2015: भारतरत्न डॉ. बाबासाहब आंबेडकर सभी समाज के लिए प्रेरणा के व्यक्ति थे। उनके विचारों से प्रेरणा लेकर छात्रों से आगे बढ़ने की अपील महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में डॉ. आंबेडकर अध्ययन केंद्र के निदेशक तथा मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ




के अधिष्ठाता प्रो. मनोज कुमार ने की। रविवार को विश्वविद्यालय के समता भवन में डॉ. आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में वे बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संचार मीडिया अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. अनिल कुमार राय ने की। इस अवसर पर साहित्य विद्यापीठ के सहायक प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार 'सुमन' एवं भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र के प्रभारी डॉ. सुरजीत कुमार सिंह वक्ता के रूप में उपस्थित थे।



प्रो. मनोज कुमार ने कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन और दर्शन व्यापक था। उनके विचार एवं कार्य सभी के लिए समानता का संदेश देने वाले हैं। उनके विचारों पर अमल करना ही उन्हें सही मायनों में अभिवादन करना है।



डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि डॉ. आंबेडकर अकेले व्यक्ति थे जिन्होंने परिवर्तन कर समाज को नई दिशा प्रदान की। उनका जीवन ही हम सभी के लिए संदेश है। उन्होंने हर समाज के कल्याण के लिए कार्य किए जो सभी के लिए प्रेरणा देने वाले हैं। उनका विचार आदिवासी और समाज के अन्य वर्गों तक पहुंचाना चाहिए। महापरिनिर्वाण दिवस संकल्प दिवस के रूप में मनाने का आहवान उन्होंने अपने वक्तव्य में किया।




अध्यक्षीय वक्तव्य में प्रो. अनिल कुमार राय ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने समता और समानता का विचार दिया। उनके द्वारा किये गये कार्यों को याद करते हुए छूटें हुए कार्यों को पूर्ण करने का संकल्प इस दिवस पर लेना चाहिए। डॉ. सुरजीत कुमार सिंह ने डॉ. आंबेडकर द्वारा विदेशों में किए गये अध्ययन का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे छात्रों को चाहिए कि वे अधिक से अधिक पढ़ाई कर जीवन में आगे बढ़े और अपने भीतर विवेक विकसित कर अन्य लोगों में भी पढ़ाई के प्रति चेतना पैदा करें। प्रारंभ में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अभिवादन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रोफेसर डॉ. मिथिलेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे, सहायक संपादक अमित विश्वास सहित विभिन्न विभागों और केंद्र के छात्र और छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।